तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके त्याग, ...



12 सब्जियों के दाम आसमान पर, थाली से हो रही गायब



## खबर संक्षेप

### घायल युवक की मौत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत केवटी के पास अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दिया। जिससे युवक बाइक समेत जमीन पर गिर गया। टक्कर से युवक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक आमाकड़ा निवासी 30 वर्षीय प्रवेश दर्रो पिता राम चरण दर्रो 5 जून को सुबह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एएन 5273 में सवार होकर बड़ी बहन पूर्णिमा उइके के घर शाहकट्टा गया था। वहां से शाम को वापस आ रहा था कि शाम लगभग साढ़े 6 बजे केवटी फरसकोट मंदिर के पास सामने कि ओर से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेजगति व उतावलेपन से चलाते हुए प्रवेश दर्रो के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से आई चोटों के कारण प्रवेश दर्रो की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**कांकेर।** माय भारत कांकेर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा व युवती द्वारा पौधारोपण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा व युवतियों द्वारा पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने के लिए शपथ लिया। साथ ही कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता युवा-युवतियों के लिए आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में अनिल कुमार वालिंटियर द्वारा अपील की है कि सभी युवा साथी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं और अधिक से अधिक पौधारोपण करें।

## लापरवाही : एसबीएम के अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान, लाखों रुपए बर्बाद

# ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन केंद्र में ताला, साढ़े 4 लाख का भवन हो रहा जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्राम पंचायत मुख्यालयों में तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाकर घरों से निकलने वाले सभी तरह के कचरे के निष्पादन के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत कांकेर जिला को करोड़ों रुपए मिले। केंद्र से मिली इस राशि से कांकेर जिले में जगह जगह पर तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण किया गया। अधिकतम ग्राम पंचायतों में इन भवनों पर ताले लटके हुए है।

गांव के जो रिक्शे उपलब्ध करवाए गए, वो तीन माह में ही टूटकर कबाड़ बन गए है, कई जगह पड़े पड़े कबाड़ हो गए है। जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों में ठोस एवं तरल कूड़ा-कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट लगाना था। गांव स्तर पर अन्य कचरे के साथ-साथ प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए शेड बनाए गए हैं, लेकिन कांकेर जिला मुख्यालय की सीमा के ग्राम पंचायत में बने यह सभी शेड किसी काम के नहीं रह गए हैं। यहां पर किसी तरह का कचरा प्रबंधन का कोई कार्य नहीं हो रहा है। कहीं कबाड़ रखें हुए हैं तो कई भवनों में लंबे समय से ताले लगे हुए हैं। हरिभूमि ने केंद्र के इस प्रोजेक्ट की हकीकत जानने जिले के कोड़ेजुंगा के तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का जायजा लिया। इस पर ताला लटका हुआ था और इसे मनरेगा योजना के तहत बनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब से यह भवन और शेड बना है तब से यहां पर इसी तरह की स्थिति है। आज तक यहां पर कचरा निष्पादन को लेकर कोई कार्य नहीं हुए हैं। इस भवन को बनाने के लिए साढ़े 4 लाख की राशि खर्च किया गया है। इस भवन का एक दिन भी उपयोग में नहीं लाया गया है।

### खास बातें

- भवन के उपयोग को लेकर एसबीएम के अमले ने नही दिखाई गंभीरता
- ग्राम पंचायतों को घटिया क्वालिटी के मिले रिक्शे, दो दिन भी नहीं चल पाएं




### भवन का नहीं हो रहा उपयोग

कोड़ेजुंगा के ग्रामीणों ने बताया कि जब से बना है, तब से वैसा ही पड़ा है। इसका उपयोग एक दिन भी नहीं किया गया है। भवन के बाहर सूचना पटल लगा हुआ है, उसके अनुसार 2 मई 2024 को कार्य प्रारंभ हुआ, वहीं दो माह में कार्य को पूर्ण कर लिया गया। इसकी लागत 4 लाख 42 हजार रूपएं उल्लेखित। दो माह में भवन बन गया, परंतु आज एक साल हो गए है, एक दिन भी भवन का उपयोग नहीं हो पाया है। ऐसा ही हाल जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में बने इन भवनों का है। अधिकतम किसी भी जगह इस भवन का उपयोग नहीं हो पा रह है।

### रिक्शे दिए गए, परंतु चल नहीं पाएं

ग्राम पंचायतों में चार से पाँच रिक्शे दिए गए और पंचायत में ऐसे रिक्शे पहुँचे जो चलने योग्य नहीं थे। सरपंचों ने कई बार शिकायत किया, परंतु एसबीएम के अमले ने हाथ उठा दिया। पूर्व सरपंच नहीं बता पा रहे है कि यह रिक्शे किस मद से किस माध्यम से खरीदे गए थे। इसमें एसबीएम के अमले की संलिप्ता की बात सामने आई है, परंतु सरपंच इस पर खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। इस मामले की जाँच कर देने पर बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हो सकता है।

### सरपंच नहीं करते हैं काम, ठेका में दे दिया जाता है

ग्राम पंचायतों में पंचायत टीम को मजबूत बनाने के लिए 20 लाख तक का बिना न निविदा से काम करने का प्रावधान रखा गया है। इसीलिए उनको यह राशि दे दिया जाता है। सरपंच को यह काम स्वंय करवाना, परंतु इस काम को सरपंच ठेका में दे देते है। ठेकेदार मनमानी करके चले जाते है। कमीशन खाने के चक्कर में जिला मुख्यालय की सीमा से लगे ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र में भी काम करने का ठेका कांग्रेस के शासनकाल में दे दिया गया था। कई सरपंच पर धारा 40 के तहत कार्यवाही करने की बात उठी थी, परंतु सरपंच कांग्रेस से जुड़े होने के कारण लीपापोती कर दिया गया था।

## बैगलेस डे के जुम्बा सत्र में छात्रों ने किया योगाभ्यास



**पखांजुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में हर शनिवार को छात्र और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ बैगलेस डे मनाते हैं। प्रधानाचार्य श्यामल चंद्र डे सहित सभी शिक्षक और छात्र सक्रिय रूप से जुम्बा सत्र में भाग लेते हैं। नियमित पीटी और योगाभ्यास, जुम्बा के साथ मिलकर, छात्रों में नृत्य, शारीरिक गतिविधि और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के प्रति गहरी रुचि जगाई है। इन आकर्षक सत्रों के आयोजन और नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षिका कंचन धांगर की भूमिका प्रमुख रही है, जिनके प्रयासों से यह पहल सफल हुई।

## डूबने से नाबालिग की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतर्गत पीव्ही 127 निवासी 16 वर्षीय अनीश मंडल का तालाब में डूबने से मौत हो गया। पीव्ही 127 निवासी 38 वर्षीय गौतम मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक 5 जुलाई को सुबह 7 बजे तालाब के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## झूलनातेंदू का ग्रामीण सिहारीनाला के पास गडढे से हुआ दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले के नरहरपुर ब्लॉक अंतर्गत सड़क की बदहाल स्थिति ने एक और निर्दोष ग्रामीण की जान जोखिम

- ग्रामीणों में आक्रोश

में डाल दिया है। झूलनातेंदू का ग्रामीण छन्नू मांडवी अपने निजी कार्य से ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर जा रहे थे। उन्हें ग्राम पंचायत देवगांव के आश्रित ग्राम सिहारीनाला के समीप भारी गड्ढो से भरी सड़क पर नियंत्रण खो बैठने के कारण गंभीर रूप से चोटें आईं है।

घायल छन्नूराम मंडावी ने हरिभूक को बताया कि सिहारीनाला जब पहुँचे, अचानक एक गहरे गड्ढे में बाइक का पहिया धंस गया, जिससे असंतुलित होकर मोटर सायकल से गिर पड़े, जिससे मेरे सिर एवं शरीर में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद सिहारीनाला के ग्रामीणों एवं देवगांव पंचायत के उपसरपंच संतोष मंडावी ने त्वरित मानवीय पहल करते हुए छन्नू मांडवी को नजदीकी निजी चिकित्सक के पास प्राथमिक उपचार के लिए पहुँचाया। यदि समय पर प्राथमिक इलाज न मिला होता, तो दुर्घटना और भी गंभीर हो सकती थी। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग वर्षभर जर्जर स्थिति में रहता है, लेकिन बारिश के मौसम में इन गड्ढो की गहराई और खतरनाक बन जाती है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके परिणामस्वरूप आम जनता को आए दिन जान हथेली पर रखकर यात्रा करनी ▶▶| शेष पेज 10 पर



## भाजपाइयों ने कमल सदन में डा. मुखर्जी को किया याद, उनके बताए रास्ते पर चलने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती कमल सदन में 6 जुलाई को मनाई गई। भाजपाइयों ने इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित तथा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की गई 1

भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजनीतिक जीवन में स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया तथा आजादी के बाद नेहरू सरकार में वे भारी उद्योग मंत्री बने। वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। उनका विचार था कि हम सब एक ही रक्त के हैं, एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा उन्होंने जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ संसद में अपने भाषण में डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 को समाप्त करने की भी वकालत किया था। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने कहा कि राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने एक नई पार्टी बनायी, जो उस समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि उन्होंने तात्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय ▶▶| शेष पेज 10 पर




## पौधों का रोपण कर, सुरक्षा भी करें



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत कोण्डे में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा एवं सरपंच प्रेम पुडो के द्वारा पौधा वितरण किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास, पंचायत भवन कोण्डे, आंगनबाड़ी भवन के सामने पौधारोपण किया। शासकीय भवनों के आसपास साफ सफाई भी किया गया। जनपद सदस्य एवं सरपंच ने बताया कि पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है, इसलिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर संपूर्ण सुरक्षा करना चाहिए। इस अवसर पर उपसरपंच शंकलाल जैन, संजय रावटे, लव पिद्दा, सचिव, रोजगार सहायक, वार्डपंच, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आमापारा स्कूल परिसर में हुआ पौधारोपण



**कांकेर।** आमापारा के वार्ड पार्षद ने मोहल्ले के नागरिकों के साथ रविवार की सुबह आमापारा स्कूल के आसपास साफ सफाई का निरीक्षण किया। पार्षद नरेंद्र साहू ने स्कूल परिसर में बैठक का आयोजन कर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने रणनिति बनाई। नागरिकों से भी अव्हान किया गया कि आमापारा स्कूल के सामने व स्कूल परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर ना फैलाएं। इस अवसर पर स्कूल परिसर में आम, जाम, अशोक वृक्ष सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया।

## विधायक ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित और सम्मानित किया



**भानुप्रतापपुर।** पत्रकार सदन भानुप्रतापपुर में जिले के दसवीं और बारहवीं कक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान विधायक सावित्री मंडावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि बस्तर के विद्यार्थी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, विद्यालय और पूरे बस्तर क्षेत्र का नाम रोशन करें। ग्रुप ऑफ अभिलाषा की संस्थापक तृप्ति गजभिए, जो कि ने इस संगठन की नींव बालिकाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रखी थी। यह ग्रुप उन बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करता है जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ दी थी। उन्हें कंप्यूटर, अंग्रेज़ी, विज्ञान, सामान्य ज्ञान आदि विषयों की शिक्षा दी जाती है। साथ ही रंगोली, मेहंदी जैसी कलाओं में भी निपुण बनाने का प्रयास किया जाता है। ग्रुप ऑफ अभिलाषा के सदस्यों द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने हेतु इस सम्मान समारोह का आयोजन किया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## फुटू 12 सौ, बोडा 4 सौ, सेमी 2 सौ किलो में बिक रहे, टमाटर हुआ 50 के पार

# बारिश में लोकल सब्जियों के दाम छू रहे आसमान मूल्य पर नहीं है नियंत्रण, उपभोक्ता हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय में रविवार को लगने वाले सब्जी बाजार में सब्जियों पर महंगाई की जमकर बारिश हो रही है। सबसे महंगी सब्जी बारिश के मौसम में आने वाला फुटू है। इसके दाम थोक में 13 सौ रुपए किलो और चिल्हर में चार सौ रुपए पाव के हिसाब से 16 सौ रुपए किलो है। अधिकतम सब्जियों के धाम 50 रुपए किलो से अधिक ही है। बारिश में टमाटर भाव खाने लगा है और अब 50 रुपए किलो में बिक रहा है। जिला मुख्यालय में बस स्टैंड परिसर के पास डोम में सब्जी बाजार रविवार और बुधवार को सजता है। बाजार में गांव के लोग भी सब्जी बेचने के लिए पहुँचते है। गांव से सब्जी बेचने के लिए सुबह आने वाले किसानों से कोचिया जबरजस्ती औने पौने दाम में खरीदकर दिनभर बाजार में मंहगे दामों में बेचते हुए नजर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सभी सब्जियों के दाम 50 के पार

बारिश के मौसम में आने वाले जंगली मशरूम फुटू के दाम इस समय थोक में 13 सौ रुपए किलो है। इसकी बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा मांग रहती है। सेमी जैसी सब्जी चिल्हर में दो सौ रुपए किलो बिक रही है। थोक में इसके दाम 150 रुपए हैं। मिडी, करेला. गंवार फल्ली सहित कई सब्जियों के वाम सौ रुपए किलो है। टमाटर भी अब भाव खाने लगा है। इसके दाम भी 50 रुपए के पार हो गाए है। ज्यादातर सब्जियों के दाम 50 रुपए के पार है। बाजार में केवल आलू और प्याज 25 रूपएं किलो है, इसके अलावा अन्य सभी सब्जी के दाम 50 के पार है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### 3 कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस जारी



**कोण्डागांव।** कृषि विभाग ने जिले के कृषि सेवा केंद्रों की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान ग्राम जुगानी कैम्प में संचालित मंडल कृषि सेवा केन्द्र, आकाश कृषि सेवा केन्द्र एवं स्वास्तिक कृषि केन्द्र में कई अनियमितताएं पाई गईं। विभाग ने तीनों केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षण दल में उप संचालक कृषि डी.पी. तांडे, सहायक संचालक कृषि डी.के. शर्मा और निरीक्षक उर्वरक, बीज, पौध संरक्षण आनंद राम नेताम शामिल थे। टीम को निरीक्षण के दौरान स्टॉक बुक अद्यतन नहीं मिली। कैश मेमो निर्धारित प्रपत्र में नहीं दिया जा रहा था। मूल्य सूची केंद्र में प्रदर्शित नहीं थी, अन्य कागजी अनियमितताएं भी देखी गईं। तीन दिन में जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इन खामियों के चलते तीनों कृषि केंद्रों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ, तो संबंधित सेवा केंद्रों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों ने दिए सफलता के मंत्र, विद्यार्थियों को मिली दिशा



**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा संचालित लक्ष्य निशुल्क कोचिंग के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए चल रही मार्गदर्शन श्रृंखला प्रेरणा पथ का अगला सत्र 5 जुलाई को आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग उत्तम महोबिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दोनों अधिकारियों ने कोचिंग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने न केवल छात्रों की तैयारियों की स्थिति का मूल्यांकन किया, बल्कि उन्हें आगामी परीक्षाओं को लेकर व्यवस्थित योजना और रणनीति भी सुझाई। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, साफ लक्ष्य, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर अभ्यास सफलता की नींव हैं।

# कोण्डागांव के दो प्राध्यापकों को मिला भारत सरकार का डिजाइन पेटेंट, बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल से एक बड़ी और गर्व की खबर सामने आई है। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के दो प्राध्यापकों को इले्ट्रिक व्हीकल बैटरी डिजाइन के लिए भारत सरकार की ओर से डिजाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।


रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद और भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष लोचन सिंह वर्मा को सुपरकैपेसिटर–आधारित ईवी बैटरी असेंबली के डिजाइन के लिए डिजाइन पेटेंट संख्या 456185–001 दिनांक 22 अप्रैल 2025 प्रदान किया गया है। यह डिजाइन ऊर्जा–कुशल, तेज चार्जिंग और लंबे समय तक चलने वाली ईवी बैटरी तकनीक को दर्शाता है।

**अन्य वैज्ञानिकों की भी रही अहम भूमिका** – इस इन्वेंशन में डॉ. भवानीशंकर रविंद्र, डॉ. मृणाल साहू, डॉ. तरनजीत सचदेव और मुकेश कुमार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सामूहिक प्रयास अनुसंधान के क्षेत्र में महाविद्यालय की गंभीरता को दर्शाता है।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी डिजाइन में देश स्तर पर मिली अहम पहचान

### बस्तर से उठी वैज्ञानिक उपलब्धियों की लहर

कोण्डागांव जैसे अपेक्षा—त पिछड़े माने जाने वाले क्षेत्र से वैज्ञानिक पेटेंट की यह सफलता यह साबित करती है कि लगन और नवाचार की भावना सीमाओं की मोहताज नहीं होती। अब बस्तर भी तकनीकी अनुसंधान के नक्शे पर अपनी जगह बना रहा है। इस इन्वेंशन के जरिए ईवी बैटरियों की चार्जिंग में लगने वाला समय काफी कम होगा, वहीं उत्पादन लागत में भी गिरावट आएगी। यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्ष है, जिससे ई–मोबिलिटी के क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद है।





### छात्रों के लिए बना प्रेरणा का स्रोत

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह सिद्ध करता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि संकल्प और समर्पण हो, तो शोध और नवाचार की दिशा में कोई भी रुकावट मायने नहीं रखती। इस उपलब्धि के बाद महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में उत्साह की लहर है। सभी ने प्राध्यापकों को बधाई दी और इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

## अपराध : महिलाओं को बनाया था निशाना, वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

# अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर करता था शोषण, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- कोण्डागांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

आरोपी केशकाल निवासी अमान वीरानी पीडिता का अश्लील फोटो व विडियो बनाकर वॉयरल करने की धमकी देकर लगातार उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक शोषण कर व अश्लील फोटो व विडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर डरा धमका कर पैसे की माँग करता था। आरोपी अमान वीरानी पीडिता के अतिरिक्त भी कई लडकियों/महिलाओं से दोस्ती कर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उनके अश्लील फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करता था और फोटो वीडियो को वॉयरल करने की धमकी देकर उनके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था और पैसे की माँग करता था।

लगातार ब्लैकमेलिंग करने, पैसे की उगाही व शारीरिक शोषण से परेशान होकर पीडिता द्वारा कोण्डागॉव पुलिस के समक्ष आरोपी अमान वीरानी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया, पीडिता की रिपोर्ट पर कोण्डागाँव पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 64(1), 64(2) (ड), 308(2). 324(4), 115(2), 351 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण पुलिस के संज्ञान में आते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव श्रीमान वॉय. अक्षय कुमार के निर्देशन में एवं एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल व पु०अनु०अधि० केशकाल श्री अरूण कुमार नेताम के मार्गदर्शन में कोण्डागाँव पुलिस द्वारा तुरंत आरोपी के सकूनत पर दबिश देकर आरोपी अमान वीरानी पिता मो० इकबाल वीरानी जाति मुसलमान उम्र 24 वर्ष निवासी मस्जिद गली वार्ड 11 थाना केशकाल जिला कोण्डागाँव को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय केशकाल के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया है। प्रकरण में साक्ष्य संकलन किया जा रहा है।

### इनकी भूमिका रही अहम

*संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी केशकाल ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सउनि हेमंत देवांगन, सउनि सुमित्रा सेठिया, प्रआर 116 ललित नेताम, प्रआर 58 संजय बिसेन, मआर 3071 सोनल यादव एवं बतौर सहयोगी थाना प्रभारी कोण्डागाँव टामेश्वर चौहान, साइबर सेल से उनि अमिताभ खाण्डेकर, आर 744 संतोष कोडोपी, आर 808 बिज्जू यादव, आर 743 गिरजू शोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# जंगल गए युवक पर भालू ने किया हमला, लहूलुहान हालात में पहुंचा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के ग्राम सिदावण्ड के जंगल में फुटू निकालने गए एक युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। घटना में युवक को गले और हाथ में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हालत में किसी तरह घर पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल केशकाल अस्पताल में भर्ती कराया।

घायल युवक की पहचान अर्जुन सिंह शोरी उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई है, जो शनिवार सुबह अपने गांव के पास स्थित जंगल में अकेले फुटू मशरूम निकालने गया था। इस दौरान झाड़ियों के पीछे से अचानक एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। अर्जुन ने किसी तरह जान बचाकर भागने की कोशिश की, लेकिन तब तक भालू ने उसके गले और बाएं हाथ पर गहरी चोटें पहुंचा दी थीं।



### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

*इस घटना के बाद से ग्राम सिदावण्ड और आस-पास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू की निगरानी बढ़ाने और गश्ती टीम तैनात करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।*

### प्राथमिक इलाज के बाद किया गया रिफर

परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के डिप्टी रेंजर मौके पर पहुंचे और घायल अर्जुन से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया। साथ ही वन्य जीव क्षतिपूर्ति योजना के तहत सहायता देने की बात भी कही गई है।

# क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल को देखने पहुंचे सांसद, लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा

खबर का असर

नगर से महज कुछ दूरी पर केशकाल आमाबेड़ा मार्ग पर बड़े खौली नदी पर बनवाये गये उच्च स्तरीय पुल की क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल को देखकर सांसद भोजराज नाग ने नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त कार्रवाई करने की बात कही। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के दूसरे ही दिन सांसद भोजराज नाग मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वाल को देखा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही एवं गुणवत्ता की जांच करके सख्त से सख्त कार्रवाई करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 380 लाख रुपए की लागत से इस उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया। पुल निर्माण को मात्र गिनती के कुछ दिन बीत पाया है। पहली बरसात की फुहार में ही रिटर्निंग वॉल ताश के पत्ते की तरह ढह गया है। अभी ठीक से बरसात भी नहीं हुई है। जब अच्छी बरसात होगी और तेज गति से बहती हुई नदी उफान पर आएती तो पता नहीं इस उच्च स्तरीय पुल का और इसके रिटर्निंग वाल का क्या हाल होगा।




## मां के नाम किया पौधारोपण...



**कोंडागांव** । 5 जुलाई 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे डोंगर परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत आज वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश सैमसंन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, यशवंत देवांगन, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार एवं छात्र मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- नारायणपुर जिले के विभिन्न मंडलों और बूथों में हुआ आयोजन
- डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी भाजपा की विचारधारा की रीढ़ : वक्ता

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान विचारक एवं राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, जिला नारायणपुर के जिला कार्यालय सहित शहर मंडल, ग्रामीण मंडल एवं ओरछा मंडल के अनेक बूथों में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पण से हुई। इस अवसर पर उनके बलिदान, विचारों और राष्ट्रहित में किए गए संघर्ष को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें सच्चा राष्ट्रभक्त बताया।

जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, वरिष्ठ नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, जिला महामंत्री संदीप कुमार झा, तथा मरण शील, सुदीप झा, प्रशांत सिंह, जैकी कश्यप, किशोर आर्य, प्रवीण गोलछा (पार्षद), प्रीतेश बरडिया, बृज मानिकपुरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



**डॉ. मुखर्जी ने पीढ़ियों को दी राष्ट्रहित की प्रेरणा** -वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का नारा एक देश, एक विधान, एक निशान आज भी देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित की प्रेरणा दी। इसी क्रम में छोटेडोंगर शक्ति केंद्र में भी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन और सोच आज भी भाजपा की विचारधारा का मूल आधार है। कार्यक्रमों के समापन पर कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने व संगठन को सशक्त बनाने हेतु सतत कार्यरत रहेंगे।

# वाहन से स्टेयरिंग जैक व छड़ चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव पुलिस ने स्टेयरिंग जैक और छड़ चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों कृष्णा सोरी, संजय नेताम और हीरो यादव को गिरफ़्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सामान करीब 60,000 मूल्य और पिकअप वाहन सीजी 27 पी 1950 बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी एप्पू सिंह निवासी भोण्ड ने 4 जुलाई को थाना कोण्डागांव में शिकायत दी थी कि उसकी पिकअप गाड़ी से चोरी हो गई है। उसमें रखा महंगा स्टेयरिंग जैक और छड़ गायब है। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल और रूपेश कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। साक्ष्य के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



**कार्रवाई में इनकीरही भूमिका** – टामेश्वर चौहान थाना प्रभारी कोण्डागांव, सउनि प्रियंका सिन्हा, आरक्षक नवीन बिसेन 571, आरक्षक अजय नेताम 244 कोण्डागांव पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस की इस तेज कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भाव और विश्वास और मजबूत हुआ है।

# मोहर्रम पर अकीदत के साथ शहादत को किया याद, अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- करबला की कुर्बानी आज भी देती है इंसानियत और न्याय का संदेश : खान
- ग़म और सब्र का महीना : परंपरा और इबादत के साथ मनाया गया मोहर्रम

इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम रविवार को नारायणपुर जिले में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में नारायणपुर मुस्लिम समुदाय ने रोज़ा रखा वही आशुरे की नमाज अदा कर देश में अमन और चैन की दुआएं मांगी।



अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर (अध्यक्ष) मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि मोहर्रम केवल ग़म का महीना नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और बलिदान की प्रेरणा का प्रतीक है। करबला की घटना आज भी इंसानियत को सबक देती है कि अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाना जरूरी है। इस मौके पर पुलिस प्रशासन यातायात द्वारा सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किया गया था।

### ये रहे मौजूद

नए इस्लामिक साल में यंग इस्लामिया कमेटी नारायणपुर युवाओं ने बड़े शिद्दत के साथ जय स्तम्भ चौक खीचड़ा तक़सीम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया मुख्य रूप यंग इस्लामिया कमेटी नारायणपुर के अध्यक्ष आसिफ सचिव मोहम्मद ज़ैद, जैश, रेहान, अफज़ल, फ़हीम, अल्तमश, सारीबफैजान, जिशान,शादाब, ज़ाहिद, सूफ़ियान, अली, अकरम, फ़ैज़ान, साक़ीब, अफ़्फान, रेहान, मोहम्मद अली मौजूद रहे। यंग कमेटी के सरपरस्त सैयद अख्तर अली के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस मौके पर मोहम्मद इलियास, हाफिज रब्बानी, शेखतौहीद, जुनैद, अब्दुल जब्बार, अनवर, शकील सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नागरिकों के द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

## पेज 9 का शेष

### झूलनातेंदू का ग्रामीण...

पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों में सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे सड़क जाम, प्रदर्शन और जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे। उप सरपंच संतोष मंडावी ने बताया कि इस सड़क पर महीनों से मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग की लगातार अनदेखी और निरीक्षण में लापरवाही के कारण यह मार्ग अब जानलेवा हो चुका है। दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि यह एकमात्र मार्ग है जो सरोना, चोरिया, दलदली , मालगांव, बरकाई, मुड़पार , साल्हेभाट, सारांडा, खलारी, ठेमा, बांसपतर, तिरियारपानी, आमापानी, परेदोड़ा, निशानहर्रा, रावस, कुमहानखार, झुलानातेंढु, धनेसरा, देवरी, मनिकपुर, भैसमुडी, भिरौद, अभनपुर, पेंड्रावन, चिहारीपारा, सिंगरवाही गांवरसिलि, देवगांव पंचायत के आश्रित ग्राम सिहारीनाला समेत कई गांवों को ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ता है, लेकिन सड़कों की स्थिति वर्षों से दयनीय बनी हुई है।

### भाजपाइयों ने कमल...

पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए वे 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया गया था। जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह ने कहा कि मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था, वहाँ साम्प्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। साम्प्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया कि बंगाल के हिन्दुओं की उपेक्षा न हो, अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, हलधर साहू, राजा देवनानी, देवेन्द्र सिंह भाऊ, टेकेश्वर जैन, दीपक खटवानी, जयंत अटभैया, दीपक खटवानी, घनेन्द्र सिंह ठाकुर, पार्षद मीरा सलाम, मंजू सारथी, चित्ररेखा जैन, नरेंद्र साहु, हितेंद्र खटावानी, विकास अंभोरे, संजय सिन्हा, आसिफ सेखानी, शैलेन्द्र शोरी के अलावा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### विधायक ने प्रतिभावान...

गया। सम्मानित होने वाले छात्र एवं छात्राओं में दसवीं की छात्र संबलपुर की चंचल कुर्रे, . भैरवी द्विवेदी, गुंजन रावटे, प्रेरणा साहू, धारणी सिन्हा, चेतना देवांगन, चेष्ठा कोमरे, टिकेश्वरी यादव, रिचा पिसदा, शारदा हिड़को, लक्की प्रसाद, ऐश्वर्य साहू, और बारहवीं के छात्रों अखिलेश सेन, डेविड साहू, अर्पण कुम्मटे,रूचि शर्मा ,निशा जैन, पूर्वा साहू, खुशी बघेल को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन डडसेना, जनपद उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, नरोत्तम चौहान, सुनील पाढ़ी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रोहित बघेल, अनिल कुमार साहू, बांगोमा रानी, सुलोचना गावड़े, राकेश सोनवानी, अजय कुमार यदु, कृष्णा रजक, राजेंद्र कोसम उपस्थित रहे।

### बारिश में लोकल...

आते है। गांव के लोग सब्जी दुकान लगाकर सब्जी बेंचे तो सस्ती और अच्छी सब्जी मिलती है। कोचिया पुरानी और नई सब्जी मिलाकर मंहगे दाम में बेचते है। कोचियों पर किसी भी तरह का नियंत्रण नहीं है, जिसके चलते मनमानी चलती रहती है। किसान बाजार में अपनी सब्जी बेच पाने में कामयाब नहीं हो पाते है। ग्रामीण किसान कोचियां को सब्जी नहीं बेचते है तो उसके साथ धौंस दिखाकर धमकी भी देते है।

## खबर संक्षेप

### सांकरा मंडी प्रांगण में हुआ पौधरोपण

**नगरी।** ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र में जपं नगरी सीईओ रोहित बोर्झा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, सांकरा मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सती मरकाम, सांकरा सोसाइटी प्रबंधक जीवन लाल साहू, पूर्व मंडी सदस्य सुगंधचंद साहू, राजू पटेल, सोहन पटेल, खुशीराम साहू सहित सोसाइटी कर्मचारी उपस्थित थे।

### टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए। प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर त्रिलोक कश्यप, दयालुराम नेताम, असमोतीन ध्रुव, अशोक कश्यप, प्रधानपाठक ममता प्रजापति, मनोज गंजीर, पार्वती ध्रुव समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है।

## निधन

### गणेशी सोनकर



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड रामबाग निवासी गणेशी सोनकर पति स्व. जगदीश सोनकर 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे शांतिघाट नहर नाका में किया गया। वे जगदीश होटल के संचालक रामेश्वर सोनकर, पवन सोनकर की माता थीं।

---

पांवद्वार पंचायत भवन 50 साल पुराना, नए भवन की मांग कर रहे ग्रामीण

# जर्जर पंचायत भवन में बैठने जनप्रतिनिधि मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी





नगरी विकासखंड का ग्राम पंचायत पांवद्वार पूरी तरह जर्जर हो गया है। ग्रामीण कई साल से नए पंचायत भवन की मांग कर रहे हैं। एक कहावत है दीया तले अंधेरा। यह बात चरितार्थ हो रही ग्राम पंचायत पांवद्वार के जर्जर पंचायत भवन पर। इस पंचायत भवन में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बैठकर गांव के विकास की नई इबारत लिखते हैं। इस जगह पर ही बैठकर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रस्ताव बनाया जाता है लेकिन जिस जगह प्रस्ताव तैयार किया जाता है, वह भवन ही कच्चा और जर्जर हो तो फिर क्या कहना।

### बारिश में छत से टपकता है पानी

ग्राम पंचायत पांवद्वार का भवन इतना जर्जर हो चुका है कि यह कभी भी भर-भराकर गिर सकता है। सरपंच राकेश नेताम ने बताया कि यह भवन लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्मित है। कवेलू और खपरैल से बना हुआ कच्चा मकान है। इस भवन की दीवारों पर बड़ी बड़ी दरारें आ गई हैं। भवन में लगी लकड़ियां पूरी तरह सड़ चुकी हैं। फर्श उखड़ रहा है। बारिश में छत से पानी टपकता है।

### हर पल अनहोनी की आशंका

इस खपरैलयुक्त टूटे- फूटे कच्चे भवन में ग्राम पंचायत की बैठक और ग्रामसभा आयोजित की जाती है। सरपंच, सचिव एवं अन्य कर्मचारी आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए यहां उपस्थित होते हैं वहीं दूसरी ओर इस बात का भी मन में डर बना रहता है कि कहीं यह जर्जर भवन अचानक न गिर जाए। हर पल अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

### आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

पंच शोभराय नेताम, सेवाराम बघेल, चेतन यादव, ग्राम पटेल गिरधर देव, रिखीराम देवांगन, कमलेश यादव, टिकेश कोर्राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब-जब जिले के आला अधिकारियों का दौरा यहां होता है तब-तब इस भवन की दुर्दशा से उन्हें अवगत कराया जाता है लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिलता।

### प्रस्ताव शासन-प्रशासन को भेजा गया

इस संबंध में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने बताया कि मुझे भी यह जानकारी मिली है कि पंचायत भवन काफी पुराना है। जर्जर हो गया है। सुशासन तिहार में इसकी मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। इस भवन की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन-प्रशासन को भेजा गया है।

---

# कोटेश्वर महादेव मंदिर में सावन महोत्सव की तैयारी शुरू

■ मंदिर परिसर की सफाई, साज-सज्जा का काम जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी



कोटेश्वर महादेव मंदिर कोटाभर्री (डोंगरडुला) में सावन महोत्सव की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई, साज-सज्जा एवं विशेष पूजन की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस आयोजन के मार्गदर्शक सत्यनारायण, संरक्षक मदन नाग, कोषाध्यक्ष तुकेश्वर साहू, सचिव संतोष चौहान की देखरेख में धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी सुचारु रूप से चल रही है। बैठक में कुलदीप साहू, हरक मंडावी, अनराज साहू, पेमेंद्र साहू, पुसऊ, बिपत सोरी, फुलेश्वरी नेताम, पुष्पा मंडावी, प्रताप साहू, महावीर गुप्ता, भोला शर्मा, मुरारी ग्वाल, दुखवा, धनी राम, सोहन मरकाम समेत अन्य मौजूद थे। सावन के हर सोमवार को शिव का अभिषेक, रुद्राभिषेक, झांकी सजावट एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जल सेवा तथा भक्तिमय वातावरण की व्यवस्था की जा रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बसंत हिरवानी ने दी है।

# भगवान जगन्नाथ 11 दिन बाद ननिहाल से लौटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोर्रा(भखारा)





भगवान जगन्नाथ की 11 दिनों के बाद वापसी हुई। जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ग्राम अमलीडीह द्वारा भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को यथास्थान पर स्थापित किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, पुजारी सतवन साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव युंजू साहू, सरपंच नेमीन साहू, उपसरपंच टाटेश्वर साहू, देवनाथ साहू,पोषण लाल, श्रवण यादव, संजय साहू, खुलेश्वर साहू, धामु साहू, सागर साहू, कीर्तन साहू, रूपराम निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, डागेश्वर यादव, डोमार साहू, बीरेंद्र साहू, रोमसिंह साहू, रामेश्वर साहू, चुम्मन साहू ,मोनू साहू, सोनू यादव समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# संकल्प हथौड़े जैसा हो, तकिये जैसा नहीं : वैभव श्रीजी

■ ओसवाल भवन में प्रवचन सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

नगरी में चातुर्मास के लिए पहुंची जैन साध्वी वैभव श्रीजी मसा ने ओसवाल भवन में प्रवचन की शुरुआत करते हुए कहा कि संकल्प यदि मजबूत हो तो वह असंभव को भी संभव बना सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी कील को तकिये से बार-बार मारे तो कुछ नहीं होगा, लेकिन यदि उसी कील पर संकल्प रूपी हथौड़े से एक बार प्रहार करें तो वह दीवार में धंस जाती है।

प्रवचन की शुरुआत साध्वी काव्या मसा ने करते हुए कहा कि हम थोड़ा-सा धन देखकर भगवान को भूल जाते हैं, जबकि सच्चा चिंतन यह होना चाहिए कि यदि भगवान मिल जाए, तो धन भी स्वयं मिल जाएगा। साध्वी वैभव श्रीजी ने कहा कि आज हमारी सोच स्वार्थ केंद्रित हो गई है। जब मनचाही चीज़ मिलती है तो श्रेय स्वयं ले लेते हैं और जब कुछ विपरीत होता है तो भगवान को दोष देते हैं। कोरोना काल में यदि कोई गुजर गया तो भी हम ईश्वर को कोसते हैं, लेकिन आत्ममंथन नहीं करते। हम अच्छाई की बजाय गलतियों को खोजते हैं और दिनभर उलझनों में ही पड़े रहते हैं।

उन्होंने प्रवचन में एक प्रेरक कहानी के माध्यम से यह भी बताया कि कैसे हम सही और गलत का निर्णय करते हैं और उसमें भी पूर्वाग्रह लाते हैं। प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थिति रही। आज का प्रवचन खुश रहने के उपाय विषय पर होगा।

---

## अंचल की खबरें

### भाजपाइयों ने डॉ मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**कुरुद।** कुरुद नगर के भाजपाइयों ने भाजपा के संस्थापक डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पुराना बाजार चौक स्थित उसकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेतागण भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, हरिनारायण साहू, हरिशंकर सोनवानी, मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहू, विकास चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, गोरख देवांगन, सुनील चन्द्राकर, खिल्लू देवांगन, महेश सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, सूरज देवांगन, बल्लू चन्द्राकर, बजरंगी, विकास, डेविड देवांगन उपस्थित थे।

### जरवायडीह में सीसी रोड के लिए हुआ भूमिपूजन



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत जरवायडीह में 15वें वित्त से तालाब पार में 2 लाख रुपये से बनने वाले सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चंदूलाल पाल, उपसरपंच गोविंदा पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष खेदुराम पटेल, दीनदयाल पाल, चंद्रहास पटेल पंच, कन्हैया पाल, दिलीप पाल, तिलक पाल समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिलघट के मुक्तिधाम में 42 पौधे रोपे गए



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत सिलघट के मुक्तिधाम में एक पेड़ मां के नाम पर 42 पौधों का रोपण किया गया जिसमें अशोक 35, बादाम 4, पीपल 1, बरगद 1 एवं बेल का 1 पौधा लगाया गया। मौके पर अध्यक्ष भाजपा मंडल भखारा रवि सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि चेतन सोनकर, शिक्षकगण मोहन सिन्हा, खिलावन साहू, बिशेसर सिन्हा, दिलीप सिन्हा, हुमन सिन्हा, सुरेन्द्र सिन्हा, ठकेश्वर साहू, रेखराम सिन्हा, थलेश सिन्हा, संजय सिन्हा, ईश्वर सोनकर, धर्मेन्द्र निषाद समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# नारी में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिर्री



ग्राम नारी में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया।

इस अवसर पर थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने बताया कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व शिक्षाविद थे। श्री मुखर्जी ने 1917 में मेट्रिक तथा 1921 में बीए की परीक्षा पास की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात विदेश चले गए। 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुकरण करते हुए उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक रहे।

कार्यक्रम में थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य नारी, सालिकराम साहू सरपंच प्रतिनिधि नारी, नंदलाल सोनकर उपसरपंच, धर्मेंद्र चक्रधारी बूथ अध्यक्ष, कुलेश्वर भास्कर, हिरामन चक्रधारी, हरिचंद, टिकेश, गयाराम पांडे, कृपाराम यादव, जागेश्वर चक्रधारी, मिथुन चक्रधारी, मिथिलेश, निर्मल सोनकर शामिल हुए।

---

रासेयो छात्रों ने उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपनाने का लिया संकल्प

# पचपेड़ी स्कूल में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोर्रा(भखारा)




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। संस्था में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श और सिद्धांतों को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सीएच साहू ने स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के उपलब्धियों के बारे में बताया।

प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे ने स्वामी जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके नरेंद्र दत्त से स्वामी विवेकानंद बनने तक की जीवन यात्रा का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 90 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता एचसी पटेल एवं व्यायाम शिक्षक सुरेशकुमार निषाद का विशेष सहयोग रहा।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद को भारतीय संस्कृति, भारतीय दर्शन और धर्म का प्रचारक बताते हुए राष्ट्र का सजग प्रहरी बताया तथा युवाओं को स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श स्वीकार करने की बात कही।

---

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प.क्र./202506140100024/अ-21(2)/2024-25

ग्राम- सम्बलपुर, प.ह.न.-06 सम्बलपुर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम सम्बलपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक गौतम सिंह पिता चंद्रभान सिंह जाति महार निवासी सम्बलपुर तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास ग्राम सम्बलपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 107/46 रकबा 0.02 हेक्टर जिसमें पक्का मकान निर्मित लगान 20.00 रूपये की भूमि को अपने मकान बनाने के लिए रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता मनोज सोनी पिता लालचंद निवासी सम्बलपुर के पास राशि 4500000.00 (पैंतालीस लाख) रूपये मे विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि के विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार है। जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 09/07/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

---

सरपंच के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर खेल मैदान को किया समतल

# युवाओं ने श्रमदान से बदली मैदान की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोर्रा(भखारा)



सावन का महीना शुरू होने को है। ग्रामीण क्षेत्र में इतवारी मानने की परंपरा इस रविवार से शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत इर्रा के युवाओं ने टोली बनाकर रविवार को खेल मैदान में उगे खरपतवार व गंदगी की सफाई की। सरपंच के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर खेल मैदान को समतल किया गया। इस स्वच्छता अभियान में गांव के युवाओं ने भाग लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खेल मैदान में खतपतवार उगे हैं। इसके अलावा मैदान में गंदगी भी है। गांव के युवाओं ने निर्णय लिया कि गांव के खेल के मैदान को साफ-सुथरा किया जाए। युवाओं ने श्रमदान कर इसकी साफ-सफाई की।

इस अभियान में शीतल सेन, सत्योम, टामन, हिमांशु, मुकेश, बल्ला, हर्षु, अनुराग, लोमश, उमाशंकर, नीलमणि, तुषार, डेमन, शिवम, गिरधारी निषाद, सनत साहू, ओमप्रकाश, लीलेश सहित अनेक युवा शामिल रहे।

### सभी के परिश्रम का फल

सरपंच सूर्यकांत साहू ने बताया कि इर्रा का मैदान क्षेत्र का सबसे बड़ा मैदान है। यहां लंबे समय से स्टेडियम की मांग की जा रही है। यहां स्टेडियम का निर्माण हो जाता है तो युवाओं के भविष्य के लिए मैदान संरक्षित हो सकता है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए युवाओं ने रिमझिम बारिश में कड़ा परिश्रम कर कटीली झाड़ियों की सफाई की। श्रमदान से मैदान सुंदर बन गया है। हमारा लक्ष्य युवाओं को नशे की प्रवृति से दूर रखना और खेलों से जोड़ना है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### फुटबाल स्पर्धा का महापौर पांडे ने किया शुभारंभ

**जगदलपुर।** जिला फुटबाल संघ द्वारा स्व. सिद्धार्थ मिश्रा की स्मृति में प्रियदर्शिनी स्टेडियम में डीएफए ट्राफी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे ने छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, संतोष मिश्रा, गौतम कुंडू, मोहन राज बसु, दंतेश्वर राव, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर के एल आजाद, राजेश राव, रविंद्र पटनायक, विश्वजीत भट्टाचार्य, दिलीप दास, रूपक मुखर्जी, दीपक वाधवानी, जोगेंद , ललित सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### फुटू 100 रुपए जूड़ी व बोड़ा 100 रुपए सोली बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को नारायणपुर से आया फुटू 100 रूपए जूड़ी एवं नानगुर से आया बोड़ा 100 रूपए सोली में बिका है। साथ ही लोकल टमाटर बाजार से गायब होने के चलते बैंगलोर के टमाटर 25 रूपए किलो में लोग खरीद रहे हैं। बाजार में करेला 80, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 50, भिंडी 60, आलू 25, प्याज 25, अदरक 180, लहसून 250, पालकभाजी 80 एवं धनियापत्ती 200 रूपए किलो में बिक रहा है। बारिश होने के बाद भी शहरीय सहित ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे थे।

### रक्तदान शिविर में मिला 20 यूनिट ब्लड

**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा सेवा सप्ताह के अवसर पर जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

**जयंती :** विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके विचारों को लेकर हुई चर्चा

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके त्याग, तपस्या और बलिदान के लिए याद किया और दी श्रद्धांजलि







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/कोरर/अंतागढ़/नरहरपुर

भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा 6 जुलाई को जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भाजपा के पितृपुरुष डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। उनके विचारों पर चर्चा भी किया गया। भाजपाइयों ने कहा कि डा. श्यामप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में एक संभ्रांत परिवार में हुआ था, पारिवारिक पृष्ठभूमि अच्छी होने के कारण शिक्षा में बेहतर हुई और वे 1939 से राजनीति में भाग लिया और इसी को अपना कर्मक्षेत्र बनाया तथा आजीवन इसी में लगे रहे। उन्होंने कांग्रेस की नीति का विरोध किया, जिससे हिन्दुओं को हानि उठानी पड़ी थी। उन्होंने एक बार कहा था कि वह दिन दूर नहीं जब गांधी की अहिंसावादी नीति के अंधानुसरण के फलस्वरूप समूचा बंगाल पाकिस्तान का अधिकार क्षेत्र बन जाएगा। डॉ. मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में अगस्त 1947 को एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में वित्त मंत्रालय का काम संभाला। उन्होंने चितरंजन में रेल इंजन और विशाखापट्टनम में जहाज और बिहार में खाद बनाने का कारखाना आदि स्थापित करवाए। उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा। आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे जी,महामंत्री राजीव श्रीवास, रत्नेश सिंह, गिरधारी नरेटी, हेमप्रकाश शिवहरे, जुगल किशोर शर्मा, सरिता जोशी, रजिंदर रंधावा, राजा पाण्डेय, अरविंद जैन एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा मंडल अंतागढ़ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**अंतागढ़।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भाजपा के पित्र पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा मंडल अंतागढ़ ने वन विभाग विश्राम गृह में मनाई गई जहां उनके छायाचित्र पर तिलक वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके त्याग तपस्या बलिदान को याद कर प्रकाश डाला गया। आयोजित कार्यकम में मंडल अध्यक्ष महेश उइके, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर , महामंत्री कल्पना जैन, मंत्री धर्मेंद्र वासनीकर, भाव शंकर सलाम, पार्षद शांतनु मानकर, पार्षद धनु रामगोटा, पार्षद यशोदा उसेंडी, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, राजेश साहू, रामचंद्र बघेल, अवधेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीप सिंह सोलंकी, कार्यालय प्रभारी टीकम तुरतूरीया, गौतम शर्मा, मीडिया प्रभारी भूपेश ठाकुर सहित समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने कोरर में डा. मुखर्जी की कार्यशैली पर किया मंथन



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर आज 6 जुलाई को जनसंघ के संस्थापक और भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे। एक ही देश में 2 झंडे और 2 निशान भी उन्हें स्वीकार नहीं थे। अतः कश्मीर का भारत में विलय करने के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्रयत्न प्रारंभ कर दिए। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कुख्यात परमिट सिस्टम का उलंघन करके कश्मीर में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के दौरान ही विषम परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनका रहस्य स्थिति में स्वर्गवास हो गया। इस अवसर पर महामंत्री नरेंद्र शर्मा, बलवंत सिंह ठाकुर, शंकर यादव, अग्रहित साहू, रोहित साहू, भगवत दास मानिकपुरी, हेतराम साहू, कुबेर, कोसमा, रणजीत सिंह राठौर भुवनेश्वर खड़हा, देवेंद्र नेताम , राजेंद्र सिंन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारत की एकता के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष था अभूतपूर्व

**नरहरपुर।** भाजपा मंडल नरहरपुर दारा आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई और उनके विचारों के बारे में बताया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद मुकेश संचेती ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में बताते हुए कहा कि मां भारती के सपूत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज के दिन जन्म हुआ था। आपने एक देश में दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेंगे के ध्येय की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त किया और अखंड भारत की प्रेरणा दी। आपके प्रखर विचार, चिंतन एवं कृतित्व आगामी पीढ़ियों को मां भारती की सेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देते रहेंगे, वही विकसित भारत के निर्माण में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार से प्रभावित होकर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगे। आज केंद्र में मोदी की सरकार ने उनके विचारों को अपनी योजनाओं में शामिलल किया। आयोजित कार्यक्रम में मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, पार्षद भागवत शोरी, मिडिया प्रभारी मदन मोहन शर्मा, नितेश मगेन्द्र, रामेश्वर साहू, पुष्कर सिन्हा, कार्तिक केसरी, मोहन साहू, नकुल विश्वकर्मा, कृष्णा साहू एवं अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

## सेजन दुधावा के प्रधानपाठक एवं सहायक ग्रेड दो को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय उमावि दुधावा में प्रधान पाठक अरुण साहू के सेवानिवृत्त एवं अंकिता सोनी सहायक ग्रेड -02 के पदोन्नत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार और ग्राम समुदाय के लिए एक भावनात्मक पल था ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य गोवर्धन रामटेके , मुख्य अतिथि अरुण साहू एवं अंकिता सोनी विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दुधावा आकाश नेताम, निरंजन गंजीर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, बीआर मरकाम ,कर्णकुमार साहू और लक्ष्मण साहू थे, जिनका शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर विद्यालय परिवार ने सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया। वे न केवल एक कुशल शिक्षक बल्कि अनुशासित प्रशासक, सहयोगी व्यक्तित्व और विद्यार्थियों के प्रिय मार्गदर्शक भी रहे। उनके निर्देशन में विद्यालय ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की। विदाई समारोह में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। शिक्षक साथियों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से उनके साथ बिताए हुए संस्मरण साझा किए। छात्रों ने भी गुरुजी के प्रति अपने भावों को कविता, भाषण और गीत के माध्यम से प्रकट किया।

विदाई भाषण प्रधान पाठक ने कहा कि यह विद्यालय मेरा दूसरा घर रहा है। यहाँ के बच्चों, सहकर्मियों और अभिभावकों का स्नेह हमेशा मेरे साथ रहेगा। शिक्षक होना मेरा सौभाग्य रहा है और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों की ओर से उन्हें स्वस्थ, दीर्घायु और सुखमय भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम का संचालन कमलेश निषाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ,छात्र छात्राएं , सेवानिवृत्त ले रहें शिक्षक के परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए वार्षिक बैठक आयोजित

**कांकेर।** शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए विकासखंड, जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय, चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के दिशा निर्देशन एवं रवि प्रकाश मिश्रा डीएमसी राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अध्यक्षता एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में शहिद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उमावि में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सातों विकासखंड के 107 व्यायाम शिक्षक उपस्थित हुए, जिसमें सालभर होने वाले खेल गतिविधियों में होने वाली समस्या जैसे परिवहन आर्थिक अथवा दूरस्थ अंचल से खिलाड़ियों को रात्रि विश्राम में होने वाली समस्या पर विस्तार से चर्चा किया गया। रवि प्रकाश मिश्रा द्वारा समस्त व्यायाम शिक्षकों अपने-अपने विद्यालय में खेल से संबंधित सभी चार्ज दिलाने के लिए अस्वस्थ किया गया एवं व्यायाम शिक्षकों को अपने अपने विधा अनुसार अच्छे खिलाड़ी निकालने निर्देशित किया गया। 2024- 25 में राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, मेडलिस्ट उत्कृष्ट खिलाड़ी देने वाले उत्कृष्ट व्यायाम शिक्षकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला कीड़ा अधिकारी ने समस्त व्यायाम शिक्षकों को वर्ष 2025-26 में और बेहतर प्रदर्शन कर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। बैठक में आबिद खान, डॉ मंजू शर्मा, शिक्षक टीआर सिन्हा, भूषण शर्मा, मुस्तकीम अंसारी, गौतम सिंहा, दिनेश कवाची, प्रद्युमन श्रीवास उपस्थित रहे।

## सेजेस पटौद में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, वितरित की गई सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नवप्रवेशी विद्यार्थियों को दिए पुस्तक एवं गणवेश



सेजेस पटौद में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण एवं बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम थीम पर फलदार पौधों का रोपड़ विद्यालय परिसर में किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने बोर्ड कक्षा में प्रथम स्थान आने वाले छात्र, एकलव्य एवं नवोदय में चयन होने वाले छात्र, राज्य स्तरीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। विधायक आशाराम नेताम ने बेटियों की प्रशंसा करते हुए कहा की हर क्षेत्र में बेटियों का स्थान बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षक मॉडल प्रदर्शनी एवं आनंद मेला के चटपटे पकवानों का रहा। विद्यार्थियों को दी जाने वाली शासन की योजना की नाटकीय नृत्य की प्रस्तुतीकरण सेजेस पटौद के शिक्षिकाओं द्वारा बेहतरीन किया गया एवं संकुल शाला के नन्हे कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सेजेस प्राचार्य डीएस निषाद ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लिए सभी शिक्षकों को बधाई दी।

कार्यक्रम में सरपंच पटौद कुमार मरकाम, भारत भटियारा अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड छग़, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा ईश्वर कावडे, जनपद उपाध्यक्ष तरूणी रूपेश्वर ठाकुर, लखन मंडावी, मृदुला भास्कर, सुलोचना मेश्राम, रामचरण कोर्राम, राकेश नायक, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कमलेश उसेंडी, सरपंच पुसवाड़ा, अंजनी, दसपुर, बेवरती व पुसावड़ एवं ग्रामवासी, सेजेस पटौद परिवार एवं संकुल समन्वयक समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सब्जियों के दाम आसमान में, थाली से हो रही गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



परलकोट क्षेत्र कापसी, पखांजूर और बांदे सहित सभी साप्ताहिक बाजारों में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब परिवारों के लिए सब्जी खरीदना मुश्किल हो गया है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिसका सीधा असर कीमतों पर दिख रहा है। अब गरीब परिवारों की थालियों से हरी सब्जियां नदारद हो रही हैं। सब्जियों के मौजूदा दाम सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे, जहां टमाटर 80 प्रति किलो, बैगन 60 और पत्ता गोभी 60 प्रति किलो, भिंडी 70 प्रति किलो, परवल 80 प्रति किलो, करेला 120 प्रति किलो, खीरा 50 प्रति किलो, हरी मिर्ची 120 प्रति किलो, आलू और प्याज ही 30 प्रति किलो पर उपलब्ध हैं। अगर सब्जियों के दामों में यह बढ़ोतरी जारी रही, तो गरीब परिवार इन्हें कैसे खरीद पाएंगे और इस महंगाई से गरीब परिवारों का क्या हाल होगा, यह देखने वाली बात होगी। अब केंद्र और राज्य सरकारों पर यह जिम्मेदारी है कि वे इस बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने में सफल होती हैं या नहीं।

## नेशनल डॉक्टर्स डे पर बच्चों ने डॉक्टर बन स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी



**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल में विगत 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर मिडिल, हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य की जानकारी देकर उत्तम स्वस्थ जीवन के लिए सलाह दी गई। इस अवसर पर समाज में डॉक्टर की महत्ता को बताया गया। नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक परिश्रम, खानपान, मेडिकल चेकअप और अन्य प्रकार की सावधानियों के विषयों पर विभिन्न गतिविधियां करवायी गयी। प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चे नविशा मार्तडेय, परिणीत पंडा, अमायरा सिंह, झामित सिन्हा, जरा ईराम, शुभांक मिश्रा ने डॉक्टर बनकर एवं हालिमा अली, काव्या शोरी, पाखी पोया, भाव्या जैन, अवनि दुर्गाशी ने नर्स बनकर अपने कक्षा के बच्चों का बीपी नापकर, हार्ट बिटिंग मेजरमेन्ट, इन्जेशन लगाने का अभिनय करते हुए स्वास्थय के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बच्चों ने डॉक्टर का रोल प्लेकर रेगुलर मेडिकल चेकअप का संदेश दिया। स्वास्थय के प्रति जागरुकता के इस कार्यक्रम को सम्पन्न संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों योगदान रहा।

## विधिक साक्षरता शिविर छोटेबेठिया में लोगों को मिली कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के दिशा निर्देशन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांति प्रभु जैन के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पखांजूर मयंक सोनी द्वारा ग्राम छोटेबेठिया बेचाघाट नंदी के किनारे आयोजित किया गया।

आयोजित शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। मोटर दुर्घटना एवं यातायात नियम में लोगों को यातायात नियमों के पालन से होने वाले लाभ और नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले अर्थदंड के संबंध में विस्तार से बताया गया। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मध्यस्थता शिविर में मध्यस्थता की प्रक्रिया को समझाया गया। यह विवादों को निपटाने की एक वैकल्पिक प्रक्रिया है, जिसमें एक तीसरा स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ दोनों पक्षों को आपसी सहमति से समझौता करने में मदद करता है। इस प्रक्रिया को लचीला और कानूनी जटिलताओं से रहित बताया गया, जिससे आपसी मतभेद कम या समाप्त हो जाते हैं। डान योजना 2025 नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लक्ष्य के साथ लाई गई डान योजना 2025 के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को नशीली दवाओं के उपयोग से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और युवा पीढ़ी को होने वाले नुकसानों के प्रति सचेत किया गया। महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का सामना कर सकें। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सेवाओं और निःशुल्क अधिवक्ता की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि जरूरतमंद लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। यह शिविर तालुका विधिक सेवा समिति पखांजूर द्वारा आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना और लोगों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में शिक्षित करना था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411